आईएएनएस-सी वोटर गवर्नेंस इंडेक्स

चर्चा में क्यों?

18 अक्तूबर, 2021 को जारी आईएएनएस-सी वोटर गवर्नेंस इंडेक्स के अनुसार छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल देश में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले मुख्यमंत्री हैं। बघेल को सभी मुख्यमंत्रियों के बीच सर्वोच्च लोकप्रियता रेटिंग प्राप्त हुई है।

प्रमुख बिंदु

- आईएएनएस ने अपनी सर्वे रिपोर्ट जारी करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को प्रदेश में चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के कारण यह लोकप्रियता मिली है।
- आईएएनएस के अनुसार भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में कई कल्याणकारी योजनाएँ शुरू की हैं, जिनमें निजी स्कूलों में पढ़ने वाले उन बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करना शामिल है, जिन्होंने कोविड-19 के लिये माता-पिता/अभिभावकों को खो दिया है। '**महतारी दुलार योजना**' के तहत ऐसे बच्चों की पढ़ाई का खर्च छत्तीसगढ़ सरकार वहन कर रही है।
- नीति आयोग की एसडीजी इंडिया इंडेक्स रिपोर्ट-2020-21 के अनुसार, सतत् विकास लक्ष्यों के लैंगिक समानता पैरामीटर पर छत्तीसगढ़ भारत में शीर्ष प्रदर्शन करने वाला राज्य है। नीति आयोग 115 संकेतकों पर सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की प्रगति को ट्रैक करता है।
- पिछले साल, छत्तीसगढ़ ने लैंगिक समानता पैरामीटर पर 43 अंक हासिल किये और भारत में सातवें स्थान पर था। इस साल, छत्तीसगढ़ ने 61 स्कोर किया और चार्ट में शीर्ष स्थान पर रहा।
- सी वोटर के संस्थापक यशवंत देशमुख ने कहा, 'ऐसे मुख्यमंत्रियों को लोगों ने पसंद किया है, जिनमें निर्णय लेने की क्षमताएँ हैं और जिनके काम करने की शैली सीईओ जैसी है।'

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ians-c-voter-governance-index